Bareilly, Sunday
19 February 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 4 MIDDLE

स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देना जरूरी

वर्कशॉप में दी गई जानकारी.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (18 Feb): एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में रिसर्च प्रोटोकाल राइटिंग पर दो दिवसीय वर्कशाप आयोजित हुई. इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मेडिकल के पीजी विद्यार्थियों को रिसर्च की गाइड लाइन के साथ इसे लिखने की जानकारी दी. विशेषज्ञों ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में शोध को बढ़ाने से इसका लाभ मरीजों के साथ डाक्टरों को भी मिल सकता है.

वर्कशॉप की जरूरत पर जोर

एसआरएमएस मेडिकल कालेज और इंस्टीट्यूट आफ एप्लाइड स्टेटिस्टिक की ओर से दो दिवसीय रिसर्च प्रोटोकाल राइटिंग वर्कशाप का आयोजन फिजियोलाजी विभाग ने किया. शुक्रवार सुबह मेडिकल कालेज के कार्यवाहक प्राचार्य एयरमार्शल (सेवानिवृत) डॉ. महेंद्र सिंह चुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, कार्यक्रम के आर्गनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. क्रांति कुमार, इंस्टीट्यूट ऑफ एप्लाइड स्टेटिस्टिक कानपुर के एडिशनल डायरेक्टर व डॉ.पदम सिंह रिसर्च एंड डेवलपमेंट स्कीम के नेशनल कोआर्डिनेटर डॉ. शुभम पांडेय आदि ने ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर वर्कशाप का आरंभ किया.